Need for Integrated Check post and passenger Terminal at Badhni in Siddharthnagar district, Uttar Pradesh and also introduce trains from Badhni to Metro cities of the country- Laid

श्री जगदम्बिका पाल (डुमरियागंज): मैं केंद्र सरकार द्वारा सीमा क्षेत्रों में कनेक्टिविटी, व्यापार सुगमता और सुरक्षित आवागमन हेतु किए जा रहे निरंतर सुधारात्मक कार्यों की प्रशंसा करता हूँ । इन्हीं प्रयासों को आगे बढ़ाते हुए, सिद्धार्थनगर जनपद के बढ़नी में भारतनेपाल सीमा क्षेत्र में एक इंटीग्रेटेड चेक पोस्ट और पैसेंजर टर्मिनल की स्थापना अत्यंत आवश्यक है । बढ़नी रेलवे स्टेशन सीमा से सटा होने के कारण नेपाल से आने वाले यात्रियों, व्यापारियों, पर्यटकों एवं कार्गो वाहनों की संख्या लगातार बढ़ रही है । वर्तमान में सुविधाएँ खंडित होने के कारण यात्रियों को पैदल मार्ग, कस्टम प्रक्रिया, बस टर्मिनल, कार्गो क्षेत्र और स्टेशन तक पहुँचने में कठिनाई होती है । इसीलिए एक सिंगल-इकोसिस्टम का निर्माण आवश्यक है, जहाँ: - एकीकृत पैदल एवं बस टर्मिनल, - आव्रजन व कस्टम कॉम्प्लेक्स, - कार्गो हैंडलिंग प्लाज़ा, - कम-शुल्क अंतरराष्ट्रीय व्यापार क्षेत्र, - तथा पर्यटन सूचना केंद्र (बौद्ध पर्यटन प्रकोष्ठ सहित) एक ही परिसर में जुड़े हों, ताकि यात्री सीमा पार करके सीधे पैदल कस्टम प्रक्रिया पूर्ण कर स्टेशन तक सहजता से पहुँच सकें, यानी वन-नेशन, वन-टर्मिनल का अनुभव । इसके अतिरिक्त, बढ़नी से मुंबई, दिल्ली, चेन्नई, कोलकाता, हैदराबाद और बेंगलुरु जैसी प्रमुख महानगरों के लिए अधिक ट्रेनों का संचालन अत्यंत लाभकारी होगा, जिससे सीमा से आने-जाने वाले यात्रियों को सुगम कनेक्टिविटी प्राप्त होगी ।